कैलिफ़ोर्निया के नवंबर 2024 के चुनाव में मतदान कैसे करें

तैयार हो जाइये

यदि आप मतदान के लिए पहले से ही पंजीकृत हैं, तो तैयार हो जाइए यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपकी सभी जानकारी सही है, voterstatus.sos.ca.gov पर जाएँ। यदि आप रजिस्टर्ड नहीं हैं या आपको पुनः रजिस्टर करने की आवश्यकता है क्योंकि आपने अपना नाम या निवास बदल लिया है, तो आप registertovote.ca.gov पर ऑनलाइन रजिस्टर कर सकते हैं या फ़िर DMV, डाकघर, पुस्तकालय एवं अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। 21 अक्टूबर के बाद, आप चुनाव के दिन (मंगलवार, 5 नवंबर) तक अपने चुनाव कार्यालय या मतदान स्थल पर भी पंजीकरण करा सकते हैं। यदि आप सोमवार**, 21** अक्टूबर तक पंजीकृत हैं**,** तो आपको अपना मतपत्र डाक से प्राप्त होगा।

विकल्प 1 - डाक द्वारा मतदान



आप मतपत्र को डाक द्वारा वापस कर सकते हैं। कोई डाक शुल्क की आवश्यकता नहीं! अपना मतपत्र भरें, इसे दिए गए लिफाफे में रखें, और लिफाफे पर हस्ताक्षर, तारीख लिखिए और लिफ़ाफ़ा सील करें। इसकी डाक टिकट 5 नवंबर तक ही होनी चाहिए।

विकल्प 2 - आप अपना मतपत्र

आप अपना मतपत्र अपने काउंटी चुनाव कार्यालय या किसी भी मतदान स्थान पर छोड़ सकते हैं। अधिकतर काउंटियों में सुरक्षित ड्रॉप बॉक्स भी उपलब्ध हैं जो अक्टूबर के आरंभ से उपलब्ध हो जाते हैं। निश्चित रूप से आप इसे 5 नवंबर को शाम 8 बजे से पहले जमा कर दें।

विकल्प 3 - व्यक्तिगत रूप से मतदान

करें चुनाव का दिन मंगलवार, 5 मार्च है। मतदान सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। आप अपना मतदान केन्द्र sos.ca.gov/elections/polling-place पर देख सकते हैं।

शनिवार, 26 अक्टूबर से मंगलवार, 5 नवंबर तक इन-पसिन व़ोदटंग भी कर सकते हैं। अपने स्थानीय चुनाव कार्यालय से संपर्क करें या caearlyvoting.sos.ca.gov पर मतदान स्थान देखें। व्यक्तिगत रूप से मतदान करना और भी आसान बनाने के लिए, मेल द्वारा प्राप्त मतपत्र को अपने मतदान स्थान पर लाएँ।